सुंदरकांड सहित कई कार्यक्रम हुए

पुष्कर, (निसं)। नववर्ष के उपलक्ष्य में बुधवार को श्री श्याम मित्र मंडल एवं माधव पाराशर आलावत परिवार की ओर से यज्ञ घाट स्थित श्री सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर में 56 भोग की झांकी सजाकर संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। प्रवक्ता पुरुषोत्तम पाराशर ने बताया कि बुधवार को सुबह मंदिर में हनुमानजी के अभिषेक व विशेष श्रृंगार कर फूल बंगला सजाया गया। दोपहर में माधव पाराशर परिवार द्वारा पवित्र सरोवर की पूजा व दुग्धाभिषेक कि गई ।

तथा सिद्धेश्वर बालाजी की विशेष पूजा कर 56 भोग की झांकी सजाई गई। इसके बाद मंदिर में पुष्कर के भजन गायक दीनदयाल पाराशर, नरेंद्र उर्फ कालू पाराशर, गिरी पाराशर, विनोद पाराशर सुंदरकाण्ड पाठ एवं भजनों की प्रस्तुति दी तथा शाम को महाआरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। छप्पन भोग की झांकी सजाई गई ।

जगत पिता ब्रह्मा से मांगी प्रदेश व देश की खुशहाली की मनोकामना

पुष्कर, (निसं)। पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने आज नए साल का शुभारम्भ पुष्कर सरोवर पूजन, ब्रह्म जी के दर्शन और और गौ सेवा के साथ किया ।

नए साल नए साल के पर्व पर धर्मेंद्र राठौड़ ने धार्मिक नगरी पुष्कर तीर्थ की पूजा अर्चना एव सेवा कार्यो किए। राठौड़ ने सपरिवार जगतपिता ब्रह्मा मन्दिर के दर्शन किए पुष्कर सरोवर की पूजा अर्चना कर देश और प्रदेश की खुशहाली की कामनाएं की। ब्रह्म घाट पर तीर्थ पुरोहित वैद्यनाथ पाराशर व कालू पाराशर के सानिध्य में राठौड़ ने सरोवर की पूजा एव दुग्धाभिषेक कर जगत कल्याण की मनोकामना मांगी। पूर्व आरटीडीसी चैयरमैन धर्मेंद्र राठौड़ के पुष्कर पहुंचने पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दामोदर शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष शैलेन्द्र अठावाल, कांठोसी नेता व पार्षद नोरत गुर्जर, सर्वेश पारीक, मंडल अध्यक्ष गणेश चौहान, राजा झांझरी, विवेक पाराशर, आरिफ खान, टीकम शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता अरुण पाराशर, बेज नाथ, पाराशर, हेल्प अध्यक्ष मधुसूदन पाराशर, अखिलेश पाराशर, निर्मल पारीक, समेत कई कांठोसी कार्यकर्ताओ ने किया स्वागत।

पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने नए साल के शुभारंभ पर पुष्कर सरोवर में पूजन किया।

2025 में नवीन डेयरी प्लांट की स्थापना

भीलवाडा। नव वर्ष 2025 में भीलवाड़ा दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि. अपने उपभोक्ताओं के लिए खुशखबरी लाया है। इस वर्ष भीलवाडा संघ द्वारा 55 करोड़ रूपये की लागत का नवीन यू.एच.टी प्लान्ट की स्थापना का कार्यपूर्ण किया जायेगा और अप्रैल-मई 2025 तक उत्पादन शुरू किया जायेगा। इस यू.एच.टी प्लांट से निर्मित दुग्ध उत्पाद- लस्सी, मसाला छाछ व क्रीम इत्यादि को लम्बी अवधि (06-09 माह) तक सुरक्षित रखा जा सकेगा।

प्रबंध संचालक बिमल कुमार पाठक ने बताया कि उपरोक्त यू.एच.टी प्लांट के अतिरिक्त भीलवाड़ा संघ में 150 मैट्रिक टन प्रतिदिन क्षमता के नवीन अत्याधुनिक बाईपास प्रोटीन संयंत्र की स्थापना भी वर्ष 2025 में पूरी कर ली जावेगी। साथ ही नये बटर प्लांट के माध्यम से उच्चतम तकनीक से वाईट बटर का निर्माण भी किया जायेगा।

डी.आई.जी. ने ली बैठक

अजमेर, (कासं)। ख्वाजा साहब के 813वें सालाना उर्स की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बुधवार को अजमेर रेंज डीआईजी ओम प्रकाश ने पुलिस लाइन में पुलिस अधिकारियों, जवनों की बैठक ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। 5 हजार जवान उर्स की सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगे, साथ ही 50 वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों जिन्हें उर्स मेले में ड्यूटी देने का अनुभव है उनकी भी सेवाएं ली जाएगी। पुलिस लाइन में बुधवार को अजमेर रेंज डीआईजी ओम प्रकाश और अजमेर पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा की अध्यक्षता में बैठक हुई।

नाम परिवर्तन

मेरे पति के आर्मी नं. 17020500X रैंक-HAV नाम-ANIL KUMAR है। यह कि मेरे पति के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम SANGITA DEVI दर्ज है जो कि गलत है। जबकि भविष्य में मुझे मेरे सही व वास्तविक नाम SANGITA KUMARI से जाना जाये।

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर
लोक सूचना

सर्व साधाण को सूचित किया जाता है कि श्री हरिकिशन ऐरन पुत्र रामचंद्र ग्राम घूघरा, तहसील अजमेर के वर्किंग खसरा नम्बर 886, 504, प्लॉट नंबर-09 में क्षेत्रफल 220 वर्गगज के भूखंड की पत्रावली नियमन हेतु प्रक्रियाधीन है। उक्त नियमन सम्बन्ध में दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपत्ति आमंत्रित की जाती है। अतः किसी भी हितबद्धकारी को इस नियमन के सम्बन्ध में आपत्ति हो तो आम सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा नियमन की कार्यवाही कर दी जायेगी।

(उपायुक्त उत्तर)
अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर
लोक सूचना

सर्व साधाण को सूचित किया जाता है कि श्री लाल चंद माली पुत्र श्री ग्यारसी लाल माली ग्राम घूघरा, तहसील अजमेर के वर्किंग खसरा नम्बर 887, 505 प्लॉट नंबर-16 में क्षेत्रफल 144.66 वर्गगज के भूखंड की पत्रावली नियमन हेतु प्रक्रियाधीन है। उक्त नियमन के सम्बन्ध में दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपत्ति आमंत्रित की जाती है। अतः किसी भी हितबद्धकारी को इस नियमन के सम्बन्ध में आपत्ति हो तो आम सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा नियमन की कार्यवाही कर दी जायेगी।

(उपायुक्त उत्तर)
अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर
लोक सूचना

सर्व साधाण को सूचित किया जाता है कि श्री हरीराम सारण पुत्र पन्ना राम ग्राम घूघरा, तहसील अजमेर के वर्किंग खसरा नम्बर 886, 518, 504 प्लॉट नंबर-13 में क्षेत्रफल 220.00 वर्गगज के भूखंड की पत्रावली नियमन हेतु प्रक्रियाधीन है। उक्त नियमन के सम्बन्ध में दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपत्ति आमंत्रित की जाती है। अतः किसी भी हितबद्धकारी को इस नियमन के सम्बन्ध में आपत्ति हो तो आम सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा नियमन की कार्यवाही कर दी जायेगी।

(उपायुक्त उत्तर)
अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर
लोक सूचना

सर्व साधाण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती उमेदी देवी पत्नी गंगा राम ग्राम घूघरा, तहसील अजमेर के वर्किंग खसरा नम्बर 886, 518, प्लॉट नंबर-25 में क्षेत्रफल 190.55 वर्गगज के भूखंड की पत्रावली नियमन हेतु प्रक्रियाधीन है। उक्त नियमन के सम्बन्ध में दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपत्ति आमंत्रित की जाती है। अतः किसी भी हितबद्धकारी को इस नियमन के सम्बन्ध में आपत्ति हो तो आम सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा नियमन की कार्यवाही कर दी जायेगी।

(उपायुक्त उत्तर)
अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

उत्तर पश्चिम रेलवे
सार्वजनिक अधिसूचना

रेलवे लाइनों और परिसरों के सभी उपभोक्ताओं को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अजमेर मण्डल, उत्तर पश्चिम रेलवे के निम्नलिखित खण्ड पर 25000 वोल्ट, 50 हर्ट्ज, ए.सी. शिरोपरि कर्षण तारों को खण्ड के सामने विनिर्दिष्ट तारीख 02.01.2025 या बाद ऊर्जित किया जायेगा। उस तारीख पर और उस तारीख से शिरोपरि कर्षण लाइन को सब समय विद्युतमय माना जायेगा और कोई अनाधिकृत व्यक्ति उस शिरोपरि लाइन की साम्यता में दाखिल होने या काम करने नहीं जायेगा।
खण्ड: उत्तर पश्चिम रेल्वे के अजमेर मंडल में बूढ़ा पुष्कर स्टेशन ओ एच ई लोकेशन 16/09 (कि मी 16/557.30) से लोकेशन 18/14 (कि मी 18/665.90) टी के एम-7.439,
दिनांक: 02.01.2025 **1515-PS/24**
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर
लोक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रणजीत सिंह पुत्र महिपाल सिंह ग्राम घूघरा, तहसील अजमेर के वर्किंग खसरा नंबर 886, 518 प्लॉट नंबर 24 में क्षेत्रफल 191.25 वर्गगज के भूखंड की पत्रावली नियमन हेतु प्रक्रियाधीन है। उक्त नियमन के सम्बन्ध में दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपत्ति आमंत्रित की जाती है। अतः किसी भी हितबद्धकारी को इस नियमन के सम्बन्ध में आपत्ति हो तो आम सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा नियमन की कार्यवाही कर दी जायेगी।

(उपायुक्त उत्तर)
अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

LSG/BEAWAR / MUT/2024-25/111884 DATE :-10-12-2024 तीन सेकण्ड नमूना
कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर
क्रमांक/नगरीय विकास कर/2024-25/9132 दिनांक: 11-12-2024
सार्वजनिक सूचना

श्री विजय कुमार मोयल पुत्र श्री बद्री लाल मोयल निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 5, प्रताप कॉलोनी सब्जी मण्डी खसरा नं. 1315 प्लाट नं. 170-बी क्षेत्रफल 100.00 वर्गगज, जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी श्री मदनलाल के नाम दर्ज है। रजि बेचान-नामा दिनांक 16.06.2021, 17.04.2013 व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति विचारणीय नहीं होगी। आयुक्त, नगर परिषद, ब्यावर

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर
लोक सूचना

सर्व साधाण को सूचित किया जाता है कि श्री नरेन्द्र कुमार ऐरन पुत्र रामचंद्र ग्राम घूघरा, तहसील अजमेर के वर्किंग खसरा नम्बर 886, 504, प्लॉट नंबर- 08 में क्षेत्रफल 220 वर्गगज के भूखंड की पत्रावली नियमन हेतु प्रक्रियाधीन है। उक्त नियमन के सम्बन्ध में दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपत्ति आमंत्रित की जाती है। अतः किसी भी हितबद्धकारी को इस नियमन के सम्बन्ध में आपत्ति हो तो आम सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा नियमन की कार्यवाही कर दी जायेगी।

(उपायुक्त उत्तर)
अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

डीडवाना : नए साल पर ब्लड बैंक कर्मियों का नवाचार

- नए साल के मौके पर रक्तदान करके किया नए साल का आगाज
- ब्लड बैंक के कर्मचारियों ने किया सामूहिक रक्तदान

डीडवाना, (निसं)। डीडवाना नए साल के आगमन पर कल पूरे देश में जश्न मनाया गया। लेकिन देखा जाता है कि नए साल के स्वागत के नाम पर होने वाली पार्टियों में शराब और नशे को भी बढ़ावा मिलता है, वहीं डीडवाना के राजकीय बांगड़ ब्लड बैंक के स्टाफ ने रक्तदान करके किया नए साल का आगाज किया है।

ब्लड बैंक के स्टाफ ने नए साल के मौके पर किसी पार्टी के नाम पर फिजूलखर्ची करने या शराब पार्टी की बजाय सामूहिक रूप से रक्तदान किया। इस दौरान कई अन्य युवा भी नए साल के मौके पर ब्लड बैंक पहुंचे और रक्तदान किया। इस मौके पर कुल 25 यूनिट रक्त संठाहित किया गया।

बांगड़ ब्लड बैंक के प्रभारी अमरीश माथुर ने बताया कि प्रतिवर्ष नए साल के अवसर पर बांगड़ अस्पताल ब्लड बैंक के कर्मचारी सामूहिक रूप से रक्तदान करते हैं। इसी क्रम में इस साल भी उनके स्टाफ ओर युवाओं ने मिलकर 25 यूनिट रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि नए साल पर अधिकांश युवा शराब और नशे की गिरफ्त में आ जाते हैं, जो कि गलत परंपरा है।

युवाओं को इस प्रकार की प्रवृत्ति से दूर रहने का संदेश देने के लिए ही ब्लड बैंक के स्टाफ द्वारा प्रतिवर्ष रक्तदान करके नए साल का स्वागत किया जाता है। उन्होंने युवाओं से आ ान किया कि नए साल पर के नाम पर युवाओ को नशे से दूर रहना चाहिए और फिजूलखर्ची भी नहीं करना चाहिए, बल्कि अपना अमूल्य रक्तदान करके किसी जरूरतमंद इंसान की जान बचाने कीं पहल करनी चाहिए।

शताब्दी वर्ष का आगाज पंच कुण्डीय यज्ञ के साथ शुरू हुआ

- यज्ञ मे समाज के पांच जोड़े यजमान के रूप में उपस्थित रहे । यज्ञ में ब्रह्मा के रूप मे दयानन्द बाल सदन के अमर चंद शास्त्री रहे ।

अजमेर । श्री मैथिल ब्राह्मण शिक्षा समिति एवं एस एम बी माध्यमिक विद्यालय, अजमेर के 100 वर्ष पूरे होने पर शताब्दी वर्ष का आगाज पंच कुण्डीय यज्ञ के साथ शुरू हुआ। यज्ञ मे समाज के पांच जोड़े यजमान के रूप मे उपस्थित रहे । यज्ञ में ब्रह्मा के रूप मे दयानन्द बाल सदन के अमर चंद शास्त्री रहे । विद्यालय को 100 वर्ष पूर्ण होने पर वर्ष 2025 को शताब्दी वर्ष के रूप मे मनाया जायेगा । मुख्य आयोजन सितम्बर 2025 मनाया जायेगा । आज कार्यक्रम मे अध्यक्ष श्री देवकीनंदन शर्मा, उपाध्यक्ष श्री कृष्ण मुरारी जी, उप सचिव आलोक मिश्रा, श्री त्रिलोकीनाथ, श्री सतीश शर्मा,राजीव मिश्रा, श्री नवीन शर्मा, श्री मोहनलाल जी एवं विद्यालय प्रधानाचार्य श्रीमती रमा मिश्रा ने शिरकत की । कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष ने धन्यवाद प्रेषित किया । प्रधानाचार्य रमा मिश्रा ने कार्यक्रम का संचालन किया ।

एस. एम. बी. माध्यमिक विद्यालय, अजमेर के 100 वर्ष पूरे होने पर हवन-यज्ञ किया।

मौर्य बनी मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जवाजा

ब्यावर (निसं) कविता मौर्य ने मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जवाजा के पद का कार्यभार ठाहण किया। मौर्य के कार्यभार पर अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कैलाश चंद्र, सहायक प्रशासनिक अधिकारी गौतम सोलंकी, प्रधानाचार्य नेमीचंद यादव, राजेंद्र प्रजापति, ताराचंद जांगिड़, निधि चौहान, गरिमा रावत, सुनील हरकुट, राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के जिला अध्यक्ष रघुवीर सिंह चौहान, प्रदेश प्रतिनिधि गुरु शरण गोयल, उप प्रधानाचार्य परमेश्वर सिंह,लेखपाल सिंह, प्रकाश सालवी, गोपाल सिंह, नेमीचंद सहित अनेक शिक्षक बंधु उपस्थित रहे। निर्मल खींचा,प्रेमराज भाटी, नारायण सिंह सभी ने मौर्य का माल्यार्पण करते हुए शॉल ओढ़ाकर स्वागत और अभिनंदन किया। मौर्य अभी मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सावर केकड़ी से स्थानांतरित होकर तथा पूर्व में प्रधानाचार्य पद पर रहते हुए बालिका जवाजा ,ब्यावर खास तथा अन्य अनेक स्थानों पर अपनी सेवाएं दे रही थी।

प्रथम प्रयास में आर्यन बोहरा बने सीए

- आर्यन ने स्कूली शिक्षा मयूर स्कूल, अजमेर एवं उच्च अध्ययन मुम्बई से किया। सी.ए. आर्यन बोहरा ने न सिर्फ शिक्षा के क्षेत्र में वरन गायन में एक अच्छा मुकाम हासिल किया है।

अजमेर, (कासं)। वरिष्ठ पत्रकार गजेन्द्र बोहरा के सुपुत्र आर्यन बोहरा ने प्रथम प्रयास में सी.ए. परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। आर्यन ने इसका श्रेय गुरु, भगवन्तों, गुरुजनों सहित बड़े पापा, बड़ी मम्मी, मम्मी, डैडी, बहन अलिशा व बहनोई व सी.ए. वैभव जैन सहित परिजनों को दिया। आर्यन ने स्कूली शिक्षा मयूर स्कूल, अजमेर एवं उच्च अध्ययन मुम्बई से किया। सी.ए. आर्यन बोहरा ने न सिर्फ शिक्षा के क्षेत्र में वरन गायन में एक अच्छा मुकाम हासिल किया है। आर्यन ने राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात, चैन्नई, बैंगलोर, पालीताना, नाकोड़ा तीर्थ सहित कई बड़े शहरों में अपने सुर का जादू बिखेरा व कई मंचों पर सम्मानित भी हुए हैं। हाल ही में आईसीए द्वारा नई दिल्ली में विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में भी सम्मानित हो चुके हैं। आर्यन आईसीए सीनेट के निर्वाचित सदस्य भी रह चुके हैं। आर्यन के सीए बनने पर जैन समाज के गणमान्य नागरिकों ने उनके वैशाली नगर स्थित निवास स्थान पर पहुंच कर माला पहनाकर भावभीना स्वागत किया। सीए बनने पर पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीकिशन गुर्जर, वरिष्ठ अधिवक्ता प्रीतमसिंह सोनी, केकड़ी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. मनोज आहूजा, सहित कई संगठनों के पदाधिकारियों ने बधाई दी।

विधानसभा अध्यक्ष के निरीक्षण का असर

ब्यावर (निसं) विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी द्वारा गत रविवार को अजमेर के जवाहर लाल नेहरू अस्पताल के औचक निरीक्षण का असर अब सामने आ रहा है। देवनानी की नाराजगी और कार्रवाई के निर्देशों के बाद अस्पताल प्रशासन ने अब इमरजेंसी वार्ड में ही सोनोठाफी कराने का निर्णय लिया है। इससे परेशानी में अस्पताल आने वाले मरीजों को राहत मिलेगी।गौरतलब है कि विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने गत रविवार को जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया था। इस निरीक्षण में अस्पताल के सोनोठाफी कक्ष पर ताला लटका देखकर विधानसभा अध्यक्ष ने नाराजगी जताई थी। उन्होंने सोनोठाफी कक्ष का ताला खुलवाकर मरीजों को राहत दिलवाई थी। उन्होंने अस्पताल को निर्देश दिए थे कि आमजन को राहत प्रदान करने के लिए एक सोनोठाफी मशीन इमरजेंसी वार्ड में लगाकर प्रशिक्षित स्टॉफ लगाया जाए।

स्वयं को बदलने से आत्मा का कल्याण होगा: साध्वी डॉ. संयमलता

आसींद, (निसं)। सत्कर्म ऐसा कीजिए कि आपको दुनिया याद करे। संसार परिवर्तन का नियम है। स्वयं को बदलने का कार्य करे तभी आत्मा का कल्याण होगा। जिंदगी को आध्यात्म की तरफ मोड़कर अपने परिवार समाज में धार्मिक चेतना जागृत करे उक्त विचार नववर्ष की शुभबेला पर श्रमण संघीय जैन दिवाकरिया दक्षिण चंद्रिका साध्वी डॉ संयमलता ने महामंगल पाठ सुनाने के पश्चात व्यक्त किए। साध्वी डॉ संयमलता के साथ विराजित साध्वी डॉ. अमित प्रज्ञा, डॉ.कमल प्रज्ञा, सौरभ प्रज्ञा ने बीजाक्षरी अनूपुर्वी का महामंगलकारी अनुष्ठान एवं महामंगलिक श्रद्धालुओं को प्रदान किया। धर्मसभा को संबोधित करते हुए महासती संयमलता ने कहा कि जो व्यवहार हमें पसन्द नहीं, वैसा हम दूसरों के साथ कदापि न करें। आत्मा का निज स्वभाव 'ज्ञाता-दृष्टा' है। शरीर तो खून, हाड, मांस, मल-मूत्र, का थैला है। वह जल से शुद्ध नहीं हो सकता। धर्म जल से शुद्ध हो सकता है। धर्म वह वाशिंग पावडर है, जो आत्मा की मलिनता दूर करता है। जो लोग शरीर और आत्मा का भेद जान लेते हैं, वे आत्म साधना के माध्यम से अपना आत्म कल्याण करके जन्म और मृत्यु के बंधनों से मुक्त हो जाते हैं। शरीर तो नश्वर है, लेकिन इस नश्वर में एक जिनेश्वर (आत्मा) है, जो अनश्वर है, उसे पाना है, उस तक पहुँचना है, यही मनुष्य का ध्येय है। बिजयनगर, आसींद, उदयपुर, भिवंडी, पनवेल, बारडोली, सूरत, डोंबिवली, शंभूगढ़, करेड़ा, दौलतगढ़, चैनपुरा, अहमदाबाद, बैंगलोर, चित्तौड़गढ़ आदि नगरो से श्रद्धालु उपस्थित रहें। सम्पूर्ण कार्यक्रम का लाभ बदनोर निवासी ललित कुमार सुनील कुमार मुकेश कुमार गौखरू परिवार ने लिया। साध्वी मंडल के मंगल प्रवेश पर कस्बे के प्रमुख मार्गो पर स्वागत द्वारा एवं बैनर, कट आउट आदि लगाकर भव्य स्वागत किया। मुस्लिम समाज द्वारा भी सामाजिक एकता व अखंडता का परिचय देकर साध्वी मंडल का स्वागत किया एवं आर्टिस्ट अमजद खान द्वारा हस्त निर्मित सम्मेद शिखर जी की आर्ट भेंट की गई।

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर
मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर के उत्तराधिकारियों के पक्ष में संयुक्त नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप
आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की कच्ची बस्ती योजना के आवासीय/व्यावसायिक भूखण्ड संख्या क्षेत्रफल 96.37 वर्गगज के आवंटी/अन्तरिति श्रीमती शांति देवी पत्नि स्व. श्री जेठमल प्रजापति निवासी अजमेर की मृत्यु दिनांक 18/10/2024 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों में क्रमशः प्रेमचंद प्रजापति पुत्र स्व. श्री जेठमल प्रजापति निवासी अजमेर एवं राजकुमार प्रजापति पुत्र स्व. श्री जेठमल प्रजापति निवासी अजमेर द्वारा संयुक्त रूप से नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करवाएं उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी। योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय नगर निगम, अजमेर
क्रमांक- न.नि.अ/24-25/भवन/721 दिनांक: 1-1-25
आपत्ति सूचना

श्री नारायण नन्दवानी पुत्र श्री ठाकुरदास नन्दवानी निवासी 278/11 सिन्धी तोपदड़ा गली नं. 4 अजमेर एवं वर्तमान निवासी प्लाट नं. 06 जीवनदीप कॉलोनी वैशाली नगर अजमेर द्वारा एक सम्पति = 15/92 पुराना = 452/33 नया का एक भाग है जो वाके लाल संख्या 'ए' जो ए.एम.सी. नं. 12/63 कोठी के पास चटाई मौहल्ला अजमेर में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 20.06 वर्गमीटर है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यावसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएँ निम्नानसार हैं।
पूर्व - अन्य की दुकान पश्चिम - दुकान संख्या 'बी' जो ए.एम.सी. नं. 12/63 = 15/92 पुराना 452 / 33 नया का एक भाग है।
उत्तर - प्राईवेट हाऊस दक्षिण - 21 फुट चौड़ा रास्ता
अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

कार्यालय नगर निगम, अजमेर
क्रमांक- न.नि.अ/24-25/भवन/720 दिनांक: 1-1-25
आपत्ति सूचना

श्रीमती साक्षी चंचलानी पत्नी श्री राजेश चंचलानी निवासी 43 शिवदर्शन कॉलोनी अजयनगर अजमेर, श्री नारायणदास आसनानी पुत्र स्व. श्री लीलाराम निवासी 11/219 मांझी बाई बिल्डिंग सिन्धी तोपदडा अजमेर एवं श्रीमती दिया खूबचन्दानी पत्नी श्री नरेश खूबचन्दानी निवासी 313 2/24 चांद बावडी माता के मंदिर वाली गली अजमेर द्वारा एक सम्पति संख्या 'सी' जो ए.एम.सी. नं. 12/63 15/92 पुराना = 452 / 33 नया का एक भाग है जो वाके लाल कोठी के पास चटाई मौहल्ला अजमेर में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 20.06 वर्गमीटर है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यावसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएँ निम्नानसार हैं।
पूर्व - दुकान संख्या 'ए' जो ए.एम.सी. नं. पश्चिम 12/63 = 15/92 पुराना = 452/33 नया का एक भाग है।
पश्चिम - अन्य की दुकान उत्तर - प्राईवेट हाऊस दक्षिण - 21 फुट चौड़ा रास्ता
अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

कार्यालय नगर निगम, अजमेर
क्रमांक- न.नि.अ/24-25/भवन/719 दिनांक: 1-1-25
आपत्ति सूचना

श्री राजेश चचलानी पुत्र श्री कन्हैयालाल चचलानी निवासी 43 शिव दर्शन कॉलोनी अजयनगर अजमेर द्वारा एक सम्पति संख्या 'बी' जो ए.एम.सी. नं. 12/63 =15/92 पुराना 452/33 नया का एक भाग है जो वाके लाल कोठी के पास चटाई मौहल्ला अजमेर में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 20. 06 वर्गमीटर है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यावसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएँ निम्नानसार हैं।
पूर्व - दुकान संख्या 'ए' जो ए.एम.सी. नं. पश्चिम 12/63 = 15/92 पुराना = 452/33 नया का एक भाग है।
पश्चिम - दुकान संख्या 'सी' जो ए.एम.सी. नं. 12/63 15/92 पुराना 452 / 33 नया का एक भाग है
उत्तर - प्राईवेट हाऊस दक्षिण - 21 फुट चौड़ा रास्ता
अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

कार्यालय ग्राम पंचायत गोठियाना, पंचायत समिति अरांई अजमेर
क्रमांक: ग्रा.प.ग/निर्माण/2024-25/156-157 दिनांक: 31/12/2024
सीमित निविदा सूचना

पंचायत समिति गोठियाना की अधीनस्थ ग्राम पंचायत गोठियाना में कार्य का नाम 1. स्कूल से श्मशान की ओर नाला सफाई कार्य जोरावरपुरा 2. ग्यारसी लाल माली के घर से रघुवीर माली के घर की ओर सीसी रोड़ मय नाली निर्माण गोठियाना कार्य के लिए सीमित निविदाएं आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in देखा जा सकता है।
NIB NO:- ZAJ2425A1037 UBN NO:- ZAJ2425WSLB01091
NIB NO:- ZAJ2425A1038 UBN NO:- ZAJ2425WSLB01092
ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत गोठियाना पंचायत समिति अरांई
सरपंच ग्राम पंचायत गोठियाना पंचायत समिति अरांई

हादसों को न्यौता देता, सडक़ के बीचो-बीच गड्डा



अजमेर में सड़क पर के बीचों-बीच गडढा होने से हादसें की आशंका बनी रहती हैं।

अजमेर, (कासं)। अजमेर शहर के वीआईपी मार्ग के रूप में अपनी पहचान बना चुके जयपुर रोड स्थित मीरशाहअली के बाहर सड़क पर के बीचों-बीच गड्डा हादसों को न्यौंता दे रहा है, इस गड्डे के कारण के कई बार हादसे वाहन चालक हादसे के शिकार हो चुके है तो वही कई लोग हादसे के शिकार होने से बाल-बाल बचे है।

गड्ढे की मरम्मत करने के बजाए प्रशासन द्वारा उक्त गड्ढे में मिट्टी के कट्टा डाल कर अपनी इतिश्री पूरी कर ली है, लेकिन इसकी मरम्मत नहीं करवा पाए। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि इस मार्ग से दिन में सैकड़ों की संख्या में वीआईपी आते-जाते है और सार्वजनिक विभाग के अधिकारी भी यहां से गुजरते होंगे, लेकिन आज दिन तक इन अधिकारियों का इस गड्ढे की ओर ध्यान आया ही नही। क्षेत्रवासियों ने बताया कि इस गड्ढे के कारण दुपहिया वाहन चालकों को संतुलन बिगड़ने से हादसे को शिकार हो रहे है, क्षेत्रवासियों ने सार्वजनिक विभाग से जल्द से जल्द से इस गड्ढे को सही करवाने की मांग की है।

200 परिवारों को खाद्य सामग्री वितरित

फाउंडेशन फियोर दी लोटो इंडिया की और से बुधवार को 200 परिवारों को खाद्य सामग्री वितरित की गई।

पुष्कर, (निसं)। फाउंडेशन फियोर दी लोटो इंडिया की और से बुधवार को 200 परिवारों को खाद्य सामठी वितरित की गई, जिसमे प्रत्येक परिवार को 10 किलो आटा 1 किलो हरी दाल 1लीटर तेल 1 किलो नमक 250 ठाम पि